# PUZZLE TEST

PART→2

(1). नि॰ लि॰ जानकारी को पढ़े और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए–
रोहित, शोभित और मनु बालीबॉल, टेनिस और खो-खो खेलते हैं।
रोहित, आशु और मनु बालीबॉल, टेनिस और बैडमिंटन खेलते हैं।
रोहित, शोभित, दलीप और मनु खो-खो और टेनिस खेलते हैं।
इनमें से कौन-सा खेल सभी लड़कों द्वारा खेला जाता है?

⇒ टेनिस

| व्यक्ति | खेल | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बालीबॉल | टेनिस | बैडमिंटन | खो-खो |
| रोहित | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| शोभित | ✓ | ✓ | | ✓ |
| मनु | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| आशु | ✓ | ✓ | ✓ | |
| दलीप | | ✓ | | ✓ |

(2). राहुल और कुसुम हिंदी और गणित में अच्छे हैं। समीर और राहुल हिंदी और जीव विज्ञान में अच्छे हैं। गीता और कुसुम मराठी और गणित में अच्छे हैं। समीर, गीता और मिहिर इतिहास और जीव विज्ञान में अच्छे हैं।
कौन केवल हिंदी, मराठी और गणित में अच्छा है?

⇒ कुसुम

| व्यक्ति | हिंदी | गणित | जीव वि॰ | इतिहास | मराठी |
|---|---|---|---|---|---|
| राहुल | ✓ | ✓ | ✓ | | |
| कुसुम | ✓ | ✓ | | | ✓ |
| समीर | ✓ | | ✓ | ✓ | |
| गीता | | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| मिहिर | | | ✓ | ✓ | |

(3). एक दुकानदार की अलग-2 प्रकार के सूखे मेवों अर्थात् काजू, बादाम, पिस्ता अखरोट और पाइन नट्स की पाँच डिलीवरी करनी है- प्रत्येक की डिलीवरी अलग-2 तारीख अर्थात - 1, 6, 12, 20 और 30 जुलाई 2022 को निर्धारित की गई है।
- बादाम की डिलीवरी के ठीक बाद पाइन नट्स की डिलीवरी निर्धारित की गई है, जिसकी डिलीवरी पिस्ता की डिलीवरी के ठीक बाद निर्धारित है। काजू की डिलीवरी, पाइन नट्स और अखरोट की डिलीवरी के ठीक बीच की जानी है। यदि अखरोट की डिलीवरी अंतिम डिलीवरी है, तो बादाम की डिलीवरी किस तारीख को निर्धारित की गई है?

⇒ 6 जुलाई

| वस्तु | तारीख |
| --- | --- |
| पिस्ता | 1 |
| बादाम | 6 |
| काजू | 20 |
| अखरोट | 30 |
| पाइन नट्स | 12 |

(4). एक स्कूल में 6 शिक्षक थे। A और B हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाते थे। D और A गणित और विज्ञान पढ़ाते थे। C और E अंग्रेजी और गणित पढ़ाते थे। F और B, हिंदी और फ्रेंच पढ़ाते थे। इनमें से कौन सबसे अधिक विषय पढ़ाता था?

⇒ A

| व्यक्ति | विषय |
| --- | --- |
| A | हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान |
| B | हिंदी, अंग्रेजी, फ्रेंच |
| C | अंग्रेजी, गणित |
| D | गणित, विज्ञान |
| E | अंग्रेजी, गणित |
| F | हिंदी, फ्रेंच |

(5). A, B, C, D, E पाँच कार्यक्रम हैं, जो सोमवार से शनिवार तक मंच पर आयोजित किए जाने हैं, प्रति दिन एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसके बीच में एक दिन का अवकाश रखा जाना है, किंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। C का आयोजन D के तुरंत बाद वाले दिन

किया जाएगा। A और E के बीच अवकाश रखा जाना है। E और C के बीच 2 दिन का अंतर है। B का आयोजन अंतिम दिन नहीं किया जाना है और अवकाश मंगलवार या गुरुवार को नहीं रखा जाना है। अवकाश के दिन को नजर अंदाज करते हुए, आयोजन के सही क्रम को दर्शाने वाले विकल्प का चयन करें।

⇒ BDCAE

| Day | |
|---|---|
| Mon | B |
| Tues | D |
| Wed | C |
| Thurs | A |
| Fri | अवकाश |
| Sat | E |